Title: Need to check pollution caused by effluent released by IFFCO in Phulpur Parliamentary Constituency, U.P. - Laid.

श्री धर्मराज सिंह पटेल (फूलपुर): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र फूलपुर में स्थित इफ्को कारखाना के पास से होता हुआ एक कच्चा नाला इलाहाबाद-जौनपुर मार्ग को क्रास करते हुए भरौटी गांव, परसिनपुर, कलुआपुर, खोजापुर, सरायमंद दयालपुर, कनौजाकला, परेस्ताखुर्द, सूदी का पूरा महुलिया आदि की सीमा से निकल कर दो किलोमीटर जाता है। इफ्को नाले में इफ्को के दूति पानी व राख के बहाव के कारण 10-12 गांवों की हजारों एकड़ जमीन पर किसानों की खेती नहीं हो पाती है। नाले का पानी विाक्त एवं पर्यावरण के अनुकूल न होने के कारण आसपास के गांवों में रहने वाले हजारों पालतू जानवरों एवं पशुओं की मृत्यु हो चुकी है। राख व विष ाक्त पानी के कारण पानी के अंदर रहने वाली मछलियां आदि तक मरती जा रही हैं। इसी तरह इफ्को कारखानें के आसपास कई गांवों में राख व पानी के भराव के कारण किसानों की फसलें नट हो रही हैं।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि इफ्को कारखानें से हो रहे फसलों व जानवरों के नुकसान को उर्वरक एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जांच करायी जाये। नाले से किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए इफ्को से निकलने वाले नाले का पक्का निर्माण कराया जाये। किसानों की फसलों के हो रहे अब तक के नुकसान का मुआवजा दिलाया जाये तथा किसानों की अधिगृहीत जमीन के बदले उनके आश्रितों को नौकरी दी जाये।